# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद

संख्या:अठारह-आशु0(वरि0)-2016/02 दिनांक:अप्रैल 13, 2018

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) को पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदन किये जाने के फलस्वरूप इन्हें उनके वर्तमान नियुक्ति के स्थान से उनके नाम के सम्मुख अंकित जोन/इकाई में तात्कालिक प्रभाव से समायोजित/ स्थानान्तरित करते हुए नवनियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है:-

| क्र0 सं0 | पीएनओ | नाम | पिता का नाम | गृह जनपद | वर्तमान तैनाती जनपद/इकाई | आवंटित जोन/इकाई | चयन का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 852310148 | पवन कुमार | महावीर प्रसाद | एटा | बरेली | बरेली जोन | 2016 |
| 2 | 870330027 | दिवाकर पाण्डेय | दयानन्द पाण्डेय | गोरखपुर | 32वी वाहिनी पीएसी लखनऊ | लखनऊ जोन | 2016 |
| 3 | 872900011 | सुबोध कुमार | एच0सी0 सक्सेना | मुरादाबाद | अलीगढ परिक्षेत्र | आगरा जोन | 2016 |
| 4 | 871150024 | तेज बहादुर सिंह राठौर | राजेन्द्र सिंह राठौर | फतेहगढ | यातायात निदेशालय लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 5 | 872250523 | हेमराज कुशवाहा | मंगरू राम | इलाहाबाद | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ | 2016 |
| 6 | 870027334 | सोहन लाल कुशवाहा | मोती लाल | इलाहाबाद | विशेष जॉच मुख्यालय, लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 7 | 871200093 | देव नारायण सिंह | मोती लाल सिंह | इलाहाबाद | सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 8 | 871200123 | अजय शुक्ला | ओम प्रकाश शुक्ल | लखनऊ | सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 9 | 872590180 | अर्जुन कुमार | सूरजभान सिंह | कासगंज | मुरादाबाद | सतर्कताअधिष्ठान लखनऊ | 2016 |
| 10 | 882633671 | मो0 असलम खान | मो0 मुस्लिम खान | सुलतानपुर | अमेठी | आईटेक्स प्रकोष्ठ/यू0पी0-100 लखनऊ | 2016 |
| 11 | 872511967 | महावीर सिंह | मुखरराम | बिजनौर | बागपत | मेरठ जोन | 2016 |
| 12 | 880810124 | अरून बाला कंचन | रवि प्रकाश कंचन (पिता) एवं सच्चिदानन्द श्रीवास्तव (पति) | लखनऊ | भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 880790031 | अरविन्द कुमार पाल | जुगुल किशोर पाल | एटा | अपराध शाखा अपराध अनुसंधान विभाग लखनऊ | आगरा जोन | 2016 |
| 14 | 880790044 | लाल चन्द | विश्वनाथ | गोरखपुर | अपराध शाखा अपराध अनुसंधान विभाग लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 15 | 882462789 | मो0 शुएब | अब्दुल लतीफ सिद्दीकी | बाराबंकी | आईटेक्स प्रकोष्ठ/यूपी-100 लखनऊ | गोरखपुर जोन | 2016 |
| 16 | 880880844 | उमेश कुमार | राम स्वरूप | मुरादाबाद | बरेली | बरेली जोन | 2016 |
| 17 | 882140405 | शिवलाल सिंह | खेम सिंह | मुरादाबाद | 44वीं पीएसी मेरठ | पीएसी | 2016 |
| 18 | 880330017 | धर्म प्रकाश | रामजस | सहारनपुर | पीएसी मुख्यालय लखनऊ | मेरठ जोन | 2016 |
| 19 | 882610348 | सुरेश चन्द्र | श्री नत्थू | फतेहपुर | विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर | वाराणसी जोन | 2016 |
| 20 | 881040036 | करन सिंह | श्री ठाकुर सिंह | मुरादाबाद | पीलीभीत | बरेली जोन | 2016 |
| 21 | 892470035 | हीरा लाल राव | श्री हेमराज | बहराइच | तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ | तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ | 2016 |
| 22 | 890820421 | फैयाज उमर अंसारी | मु0 हसन अन्सारी | रायबरेली | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | 2016 |

2. पदोन्नति पाये समस्त पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) अपने नवनियुक्ति स्थान जनपद/इकाई/शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेंगें तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेगें, जिसे सेवा नियमावली के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढाया जा सकेगा। जहाँ उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है वहाँ उस नियमावली के नियम-5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

3. पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) से संलग्न प्रारूप(क) में स्वहस्ताक्षरित घोषणा-पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या:13/21/89-का-1-1997 दिनांक 28.05.1997 के खण्ड-2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियाँ:-

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है।

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिए आरोप-पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप-पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

उपरोक्त तीनों परिस्थितियाँ सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4. यदि स्वहस्ताक्ष्वरित घोषणा-पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर-3 में अंकित परिस्थितियाँ विद्यमान नहीं है तो सम्बन्धित पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) को पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषण-पत्र में अथवा अभिलेखों के प्रस्तर-3 में अंकित परिस्थितियाँ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के पदोन्नति के आदेश का

क्रियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुए दिशा-निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5. यदि सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अंकित कोई तथ्या असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक(गोपनीय) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) द्वारा स्वघोषणा पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6. आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

<u>संलग्नक-प्रारूप(क)</u>

(प्रवीण कुमार)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश

**प्रतिलिपि:निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1. निदेशक, सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5. अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के सहायक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष जॉच मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
7. अपर पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 लखनऊ।
8. अपर पुलिस महानिदेशक, आईटेक्स प्रकोष्ठ/यू0पी0-100 मुख्यालय, लखनऊ।
9. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
10. अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
11. अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली/लखनऊ/आगरा/गोरखपुर/मेरठ/वाराणसी जोन उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह प्रोन्नति प्राप्त पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) का रिक्ति के सापेक्ष समायोजन करते हुए इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।
12. परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली, अलीगढ, मुरादाबाद, फैजाबाद, मेरठ, आगरा, देवपाटन, विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर।
13. पुलिस महानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र अलीगढ/विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर/पुलिस अधीक्षक, यातायात निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, विशेष जॉच मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, अधिष्ठान, सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा अपराध अनुसंधान विभाग, लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, आईटेक्स प्रकोष्ठ/यू0पी0-100 मुख्यालय, लखनऊ/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली/मुरादाबाद/अमेठी/बागपत/आगरा /गोण्डा/पीलीभीत/सेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ/44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त कर्मियों को उनके नवनियुक्ति स्थान के लिए तत्काल कार्यमुक्त कर सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनांक वही।**

**प्रतिलिपि:**अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उत्तर प्रदेश लखनऊ को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

<u>प्रारूप–"क"</u>

## <u>स्वघोषणा–पत्र</u>

मैं.——————————————(नाम / पदनाम व पीएनओ) पुत्र ————————निवासी———————— --थाना——————जनपद———————— वर्तमान में (जनपद / इकाई का नाम)———————————— नियुक्त हूँ तथा घोषित करता हूँ कि:–

(क) "मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित नहीं है तथा कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही वर्तमान में निलम्बित हूँ।"

2– उपरोक्त घोषणा में यदि मेरे द्वारा कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरी पदोन्नति निरस्त कर मुझे मूल पद पर पदावनत करते हुये मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

3– यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दवाब के दिया जा रहा है जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर
(नाम / पदनाम / पीएनओ सहित)
नियुक्ति स्थान / दिनाँक

यदि सम्बन्धित उपनिरीक्षक के विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित है अथवा कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है अथवा निलम्बित है तो उसका पूर्ण विवरण उसके द्वारा नीचे अंकित किया जायेगा:–

(1) वर्तमान में निलम्बित है तो उसका निलम्बन आदेश / दिनाँक तथा कारण ————

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद / इकाई———— में कार्यवाही लम्बित जिसमें दिनाँक:———— को आरोप–पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0———— ———— धारा————————थाना ———— जनपद——————में लम्बित है, जिसमें दिनाँक:——————को स्थानीय पुलिस अथवा अन्य एजेन्सी———————————द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में——————स्तर पर चल रहा है।

हस्ताक्षर
(नाम / पदनाम / पीएनओ सहित)
नियुक्ति स्थान / दिनाँक

<u>प्रमाणित</u>

जनपद / इकाई के प्रभारी
नाम / पदनाम की मुहर

<u>नोट</u>:–स्वघोषणा–पत्र में अंकित जो प्रस्तर अथवा उपप्रस्तर लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाय।